# निगोही में शिक्षा उत्सव बना प्रेरणा का मंच, शिक्षक-छात्र सम्मानित

## हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में दिखा उत्साह, योजनाओं की दी जानकारी

संवाददाता, निगोही

**अमृत विचार:** विकास क्षेत्र निगोही के ममता पैराडाइज मैरिज लॉन में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा, खेल और आंगनवाड़ी गतिविधियों से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाहा और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख निगोही भानुप्रताप सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद उच्च प्राथमिक विद्यालय हसौआ के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सम्मानित करतीं विधायक सलोना कुशवाहा। ● अमृत विचार

विकास क्षेत्र निगोही के उच्च प्राथमिक विद्यालय पचदियुरा के प्रधानाध्यापक डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय राघवपुर सिकंदरपुर की इं.प्र.अ. ऊषा देवी और संविलियन विद्यालय गुलड़िया चकझाऊ के इं.प्र.अ. अश्विनी कुमार को सेवानिवृत्ति पर विधायक सलोना कुशवाहा, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला महामंत्री महेन्द्र सिंह और खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश पंकज की ओर से सम्मानित किया गया। खेलकूद में प्रदेश स्तर तक पहुंची उच्च प्रा.वि. संडा खास की बालक और बालिका खो-खो टीम को भी प्रशस्ति पत्र दिए गए।

बाल वाटिका से जुड़े उत्कृष्ट कार्य के लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों सुनीता गुप्ता, गायत्री, रमा, सुनहरा बानो, कंचन यादव, उमा देवी, कांति, पुष्पा, मनोज सिंह और आरती को सम्मानित किया गया। ब्लॉक की आठ न्याय पंचायतों के 40 निपुण छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और उपहार दिए गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक हिमांशु सिंह, अमित गुप्ता, लाल माणिक चौधरी, रेनू शुक्ला, माला राजपूत, अंकित वर्मा, पारस वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद वर्मा, प्रभात सिंह और राजेश को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में टीएलएम प्रदर्शनी में अंकित वर्मा, माला राजपूत, शिखा राठौर, संजीव यादव और अवनीश पाल ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन सुभाष वर्मा ने किया। इस मौके पर एआरपी बृजेश कुमार, रंजना पाल, विजेंद्र पाल, प्रभात सिंह, कृष्ण कुमार, आशीष बाजपेई, अचलेश द्विवेदी, प्रज्ञा मिश्रा, घनेन्द्र पाल सिंह, आलोक कुमार, वेदराम वर्मा, बरखा गौतम सहित सभी न्याय पंचायतों के नोडल संकुल शिक्षक मौजूद रहे।

### कार्यक्रम में इनको किया सम्मानित

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों का विशेष सम्मान किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय पचदियुरा के प्रधानाध्यापक डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह, राघवपुर सिकंदरपुर की ऊषा देवी और गुलड़िया चकझाऊ के अश्विनी कुमार को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शिक्षा क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा गया। खेल और नवाचारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और शिक्षकों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। संडा खास की खो-खो टीम को प्रदेश स्तर तक पहुंचने पर प्रशस्ति पत्र दिया गया, जबकि टीएलएम प्रदर्शनी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी सराहा गया।

> बेसिक स्कूलों में अब बुनियादी सुविधाओं के साथ शैक्षणिक स्तर में भी सुधार हुआ है और निगोही लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, इसे आगे भी जारी रखना है।
>
> –सलोना कुशवाहा, विधायक

## शहीदों की प्रतिमाएं क्षतिग्रस्त करने का आरोप

- क्षतिग्रस्त प्रतिमाओं की शीघ्र सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापना कराने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** निर्माण कार्य के दौरान शहीदों की प्रतिमाओं का खंड-खंड हो जाना अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक है। यह कहना है सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव अनीत कुमार त्रिवेदी का।

उन्होंने कहा कि जिन वीरों ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उनकी प्रतिमाओं के साथ इस प्रकार की लापरवाही जनमानस की भावनाओं को आहत करने वाली बताई गई है। एडवोकेट ने कहा कि शहीद हमारे राष्ट्र का गौरव हैं और उनका सम्मान करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विकास आवश्यक है, लेकिन शहीदों का सम्मान उससे भी ऊपर है। इस घटना को राष्ट्र सम्मान से जुड़ा विषय बताते हुए उन्होंने प्रशासन से तत्काल जांच कर जिम्मेदारी तय करने और क्षतिग्रस्त प्रतिमाओं की शीघ्र सम्मानपूर्वक पुनर्स्थापना कराने की मांग की है। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की भी बात कही है।

# शहीद दिवस पर युवाओं ने निकाली पदयात्रा



शहीद दिवस पर पदयात्रा निकालते युवा। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के बलिदान दिवस पर शहीद दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत शाहजहांपुर की ओर से मेरा भारत मेरी जिम्मेदारी थीम के अंतर्गत भव्य पदयात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत विकास भवन सभागार में शहीदों को नमन करते हुए उनके जीवन, संदेश व युवाओं में राष्ट्र प्रथम की भावना को आत्मसात करने के उद्देश्य से संगोष्ठी एवं प्रश्नोत्तरी के साथ हुई।

इसके बाद माय भारत स्वयंसेवकों ने शहीदों की तस्वीर लेकर मेरा भारत मेरी जिम्मेदारी, वंदे मातरम और जय हिंद के नारों के साथ खिरनी बाग शहीद स्तंभ तक पदयात्रा निकाली, जिससे पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। पदयात्रा में युवाओं, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना और स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान को स्मरण करना है, साथ ही युवाओं ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। जिला क्रीड़ाधिकारी एस पी बमनिया ने कहा कि शहीद दिवस युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमें स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को जीवन में अपनाते हुए राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए। युवा कल्याण अधिकारी एन के सिंह ने कहा कि मेरा भारत मेरी जिम्मेदारी केवल नारा नहीं बल्कि हर युवा का कर्तव्य है। इस अवसर पर जिला गंगा समिति के डीपीओ डॉ. विनय सक्सेना, समाजसेवी मुकेश परिहार, खिलाड़ी अजयपाल वर्मा, शकील, मुजाहिद, सोनम सचान, इरफान, शैलेन्द्र सिंह, रुद्र प्रताप, अनिकेत गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, आकाश वर्मा, इंद्रजीत लोधी, अधीर त्रिपाठी, नेहा कश्यप, दिव्यांशी मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, शगुन सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बैंक स्टाफ के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** थाना कटरा के गांव कंकलिया निवासी बच्चू सिंह व गंगाराम ने रिपोर्ट दर्ज दर्ज करायी है कि दोनों लोगों ने बैंक आफ बड़ौदा में लोन लिया था। लोन को दिलवाने में विपक्षी नीरज निवासी आतिशबजान और संतोष निवासी फीलनगर व बैं प्रबंधक, कैशियर, फील्ड आफीसर साजिश के तहत उसका लोन फ्रांड कर लिया और कुछ रुपये दिए। आरोपियों ने डेढ़ा लाख रुपये का फ्राड किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### गर्भवती बहन व भाई को पीटा, एफआईआर दर्ज

**कलान, अमृत विचार :** परौर थाना क्षेत्र के ग्राम तुलसी नगला निवासी अजय ने थाने में तहरीर देकर बताया कि होली के बाद 4 मार्च की शाम करीब पांच बजे गांव के रामखिलावन, राजकुमार, नरेंद्र और अवनीश ने उसके घर में घुसकर मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान उसकी गर्भवती बहन मोहनी पत्नी राजवीर को भी चोटें आईं और आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद अजय घायल बहन को इलाज के लिए ले गया और उपचार के बाद थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### सोने की चेन गले से खींचने की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला खलील शर्की निवासी श्रीधर मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि दो दिन पूर्व उसकी पत्नी सुमन मिश्रा दिन में 11 बजे नर्सिंग होम से मिशन स्कूल के लिए ई-रिक्शा से जा रही थी। चार महिलाएं बनखण्डी नाथ मंदिर से ई-रिक्शा पर बैठी। दो महिलाओं ने उसकी पत्नी का पैर कुचल दिया। उसकी पत्नी ने कहा पैर क्यों कुचल रही हो। इसी बीच महिलाओं ने उसकी पत्नी के गले से सोने की चेन नोच ली। महिलाएं ई-रिक्शा से कच्चा कटरा से उतरकर भाग गयी। पुलिस चेन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### श्री रुद्र बाला जी धाम में भजन संध्या आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** श्री रुद्र बाला जी धाम पुलिस चौकी उस्मान बाग में आज मंगलवार को सायं 6.00 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजन स्थल पर भजन संध्या के माध्यम से धार्मिक वातावरण का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी पंडित डॉ. कान्हा कृष्ण शुक्ल ने दी।

# बीमा-गृहकर मुद्दों को लेकर रखी मांगें

- व्यापारियों की समस्याओं को लेकर वित्त मंत्री को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने राजभवन परिसर में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से मुलाकात कर व्यापारियों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण के लिए पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता ने किया।

इस दौरान पदाधिकारियों ने अपनी मांगों को विस्तार से रखा, जिस पर वित्त मंत्री ने विचार-विमर्श कर शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया। जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि व्यापारी अर्थव्यवस्था की मुख्य रीढ़ हैं, इसलिए उन्हें सरकारी योजनाओं के तहत सामाजिक और स्वास्थ्य सुरक्षा मिलना आवश्यक है तथा जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के लिए बीमा योजना लागू करने की मांग की। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने नगर निगम की ओर से गृहकर में हो रही वृद्धि को छोटे व्यापारियों पर बोझ बताते हुए इसे 10 प्रतिशत तक सीमित करने की मांग उठाई। ज्ञापन में जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा, दुकानों में आग की स्थिति में 1 करोड़ रुपये तक बीमा, विभागीय बकाया या रिटर्न में देरी पर लगने वाले 18 प्रतिशत ब्याज को घटाकर 9 प्रतिशत करने और सरकारी लाइसेंस प्रक्रिया को सरल बनाकर आजीवन करने की मांग शामिल रही। इस अवसर पर जिला महामंत्री आकाश दीप गुप्ता, महानगर महामंत्री अमित शर्मा, ज्ञानदेव गुप्ता, इकबाल खां, अखिल मिश्रा, विवेक सहगल, रेहान मिर्जा, मनोहर सिंह, आदित्य वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को ज्ञापन सौंपते व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी।

## बाइक के पहिए में साड़ी फंसने से तीन लोग घायल

**कलान, अमृत विचार :** फर्रुखाबाद के थाना शमशाबाद के ग्राम पलिया निवासी रामऔतार अपने पुत्र दिनेश और विवाहित पुत्री मोनी पत्नी सर्वेश निवासी ग्राम पैथान थाना कायमगंज के साथ बाइक से बदायूं जिला के हजरतपुर स्थित धार्मिक स्थल जा रहे थे।

रास्ते में मुरादाबाद-फर्रुखाबाद स्टेट हाईवे पर मदनपुर गांव के पास बाइक पर बैठी मोनी की साड़ी पहिए में फंस गई, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे में मोनी की हालत गंभीर बताई गई। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान लाया गया, जहां फार्मासिस्ट गोपाल कृष्ण ने मोनी की आंख के ऊपर टांका लगाया और उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

# थरिया-परौर मार्ग का चौड़ीकरण शुरू

- जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने काटा फीता
- एक से 10 किलोमीटर तक किया जाएगा चौड़ा

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित थरिया-परौर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का सोमवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत इस परियोजना का आरंभ विधायक जलालाबाद हरि प्रकाश वर्मा ने फीता काटकर किया।

उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ी होने से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गांव-गांव सड़क सुविधा पहुंचाने के प्रयासों की सराहना की।



थरिया-परौर मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ करने पहुंचे विधायक। ● अमृत विचार

इस योजना के तहत किलोमीटर 1 से 10 तक सड़क का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, जिससे लोगों को राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। कार्यक्रम में डीसीएफ अध्यक्ष रमाकांत मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव गुर्जर, वर्तमान मंडल अध्यक्ष राजीव गुर्जर, ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, कलान चेयरमैन हरिनारायण गुप्ता, केसरिया हिंदू वाहिनी के जिला संगठन मंत्री रणवीर सिंह, रवि राणा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग शाहजहांपुर की ओर से कराया जाएगा।

# ट्रेन में पर्स से नकदी और जेवर चोरी

- ट्रेन से गाजियाबाद जा रही थी, पहले भी चोरी हो चुकी
- तहरीर पर जीआरपी थाने में एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोक नायक एक्सप्रेस में एक महिला का ट्राली बैग से पर्स चोरी हो गया है। पर्स में नगदी और हजारों रुपये के जेवर आदि सामान था। पुलिस ने महिला की तहरीर पर जीआरपी थाना पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इससे पहले भी ट्रेन में कई महिला यात्रियों को पर्स चोरी हो गया है।

गाजियाबाद जिले के थाना नन्दग्राम के मोहल्ला नन्दग्राम निवासी मोनिका तिवारी ने जीआरपी थाना में दी गई तहरीर में बताया कि लोक नायक एक्सप्रेस में उसका एसी कोच बी-6 में बर्थ नंबर 45 में रिजर्वेशन था।

14 मार्च को ट्रेन से अयोध्या से गाजियाबाद जा रही थी। सुबह साढ़े चार बजे उसके पति का उसके मोबाइल पर फोन आया। उसके पति ने खैरियत पूछी। उन्होंने ट्राली बैग देखा कि चेन खुली हुई थी। ट्राली बैग में रखा पर्स गायब था। उन्होंने बताया कि पर्स में 17 हजार रुपये, सोने की चेन, सोने का मंगल सूत्र, एक सोने का हार, एक जोड़ी झुमकी, एक जोड़ी पायल थी। ट्रेन शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन के आस-पास थी। इससे पहले लुधियाना के पुलिस आयुक्त कार्यालय की महिला सिपाही लक्ष्मी का मार्यध्वज एक्सप्रेस में रेलवे स्टेशन पर ट्राली बैग से पर्स चोरी हो गया था। पर्स में नगदी और जेवर था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की जा रही है।

### आरएसएस कार्यालय से सामान चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला खलील कटरा निवासी दुर्गेश कुमार ने मिर्जापुर थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि थाना के सामने आरएसएस का कार्यालय है। 19 मार्च की रात में चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़ दिया। चोर पानी मोटर का बैटरा, इन्वर्टर, पंखा, पांच हजार रुपये और जरुरी सामान ले गए है। मिर्जापुर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## पतंग के विवाद में जान से मारने की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर कालोनी निवासी अधिवक्ता ऋषिपाल पाल ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 21 फरवरी शाम साढ़े पांच बजे उसका 12 वर्षीय पुत्र अर्जुन वर्मा जो कक्षा 09 का छात्र है। रेलवे कालोनी में अपनी बकरी टहलाने के लिए ले गया था। आरोपी बंटी, लक्ष्य, नितिन निवासी रेलवे कालोनी थाना सदर बाजार आदि अपनी-अपनी पतंगे उड़ा रहे थे। पतंग कटने पर उसके पुत्र ने उठा ली। आरोपी उसके पुत्र को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों घर के अंदर घुस आए और गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# मजदूर यूनियन का ईद व होली मिलन समारोह आयोजित

- गले मिलकर दी पर्व की एक दूजे को बधाई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** असंगठित मजदूर यूनियन की ओर से मोहल्ला ख्वाजा फिरोज स्थित एक मैरिज लान में ईद व होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दू-मुस्लिम ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद व होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।




असंगठित मजदूर यूनियन के ईद व होली मिलन समारोह में शामिल पदाधिकारी।

समारोह में यूनियन में विभिन्न पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें ब्लॉक भावल खेड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरमौला अर्जुनपुर के अध्यक्ष राहुल शर्मा, सचिव मुकेश कुमार, ग्राम पंचायत मिश्रीपुर अध्यक्ष दिलदार, सचिव फिरोज अली व महानगर क्षेत्र के वार्ड 49 आन्नदपुरम के अध्यक्ष मोहम्मद रेहान, सचिव चांद मियां, वार्ड नंबर 17 आवास विकास कॉलोनी के अध्यक्ष इन्द्रजीत, सचिव तारा चंद वर्मा, वार्ड 54 यूनुस खेल सचिव मोहम्मद परवेज, वार्ड नंबर 41 सिंजई सचिव मोहम्मद तौहीद, वार्ड 46 तारीन टिकली सचिव अनीस अहमद को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश संरक्षक सुबोध रावत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सांप्रदायिक व सामाजिक सदभाव मजबूत होता है। यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद ने कहा कि सांप्रदायिक व सामाजिक पर्व होली व ईद को मजदूर पूरे उत्साह व उमंग से मनाते हैं। सभा में यूनियन प्रदेश कोषाध्यक्ष मतलूब अली, महानगर अध्यक्ष जहीर अली, महानगर सचिव मुकेश कुमार, जिला प्रभारी राधेश्याम गुप्ता, महिला कमेटी की जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेहनाज़ बेगम, जिला महिला कमेटी की कोषाध्यक्ष सरिता वर्मा, जिला संयुक्त सचिव आसाराम, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य इब्ने हसन, राजन मिश्रा, फखरे आलम, मो शकील आदि मौजूद रहे।

उधर, व्यापार मंडल के पदाधिकारी सगीर अहमद अंसारी ने अपने आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें हिंदू-मुस्लिम भाइयों ने शामिल होकर एक दूसरे का मुबारकबाद पेश करते हुए गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल कायम की। समारोह में वेद प्रकाश गुप्ता, सचिन बाथम, शाहिद अनवर कुरैशी, राहत अली खां कुन्नू, सुहेल बेग, सैयद क़ासिम रजा, राहिल अंसारी, कंचन गुप्ता, नरेंद्र सक्सेना, मिर्जा आसिफ बेग, महेंद्र दुबे, आयोजक सगीर अंसारी आदि मौजूद रहे।

# बिजलीपुरा में लोहिया जयंती पर सपा की गोष्ठी आयोजित

- जिला अध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में नेताओं ने किया नमन
- नेताओं व कार्यकर्ताओं ने चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी के महान चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। इसके बाद सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों और नीतियों पर चर्चा की गई। सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि डॉ राम मनोहर लोहिया निडर और गतिशील व्यक्तित्व के धनी समाजवादी नेता थे, जिन्होंने आजादी से पहले और आजाद भारत में भी लोगों के हितों के लिए कई बार जेल यात्राएं कीं और समाज में गरीबों, पिछड़ों व महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए कार्य किया। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि डॉ लोहिया जनतांत्रिक समाजवाद की विचारधारा में विश्वास रखते थे और सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक अन्याय के खिलाफ अहिंसक कार्यवाही के समर्थक थे। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने उन्हें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजवादी राजनेता और प्रखर चिंतक बताया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत सिंह यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा के महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, अवधेश पाल, सपा नेता जितेंद्र प्रसाद प्रधान, दोदराम वर्मा, लखन प्रताप सिंह, अरविंद पाल, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हफीज अंसारी, प्रदेश सचिव नाजिम फारुकी, जिला सचिव संतोष कुमार पाल, नगर विधानसभा महासचिव लल्ला सिंह यादव, महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पार्थ यादव, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार, युवजन सभा के जिला अध्यक्ष आकाश वर्मा, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष उत्पल यादव, छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष सुबहान खान, पूर्व सभासद दुर्गेश कुमार गुप्ता, मोहित पटेल, देव सिंह, संजय कुमार, मोहम्मद इकबाल मंसूरी, रामरतन लाल सोनी, खिजर महबूब खान, मोहम्मद रमीज, इमरान खान, शरीफ खान, शहाब खान, पार्वती सैनी, सविता कठेरिया, नरवीर फौजी, अखिलेश यादव, अली खान, सुबहान अख्तर खान, तय्यब खान, सरताज अली, राजेश यादव, सुरजीत यादव, गुफरान खान, रानू खान, टिंकू सिंह, आरिफ खान, मोहसिन खान, नेहाल, मनोज यादव, सुजल मिश्रा, राजकुमार, सिद्दीक खान, अनिल कुमार भास्कर, सचिन सक्सेना, उदित गुप्ता, राजीव राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



लोहिया जयंती पर चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## अंडर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल मैच शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रविवार को अंडर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रायल मैच का शुभारंभ उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्य आनंद पाठक ने किया। जिसमें लगभग 60 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल के दौरान बल्लेबाजी में आकर्षित वर्मा, नीतीश कुशवाहा, देवेश कुशवाहा, सानिध्य, सुमित दास, आदित्य राजपूत, दीपांशु यादव और कीपिंग में अर्पित वर्मा का शानदार प्रदर्शन रहा। वहीं गेंदबाजी में अनमोल कटिहार, उत्कर्ष, शांतनु, सत्याग्रह, वंश और नितिन मौर्य का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। आनंद पाठक ने बताया कि अंडर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट टीम का चयन उत्तर प्रदेश प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के जूनियर चयनकर्ता कमलकांत कनौजिया करेंगे। ट्रायल में जिला कोऑर्डिनेटर मनोज यादव, अमित चौधरी, रजत शर्मा, प्रतेश आदि का सहयोग रहा।

# छठे दिन जांची 1 लाख 67 हजार 437 उत्तर पुस्तिकाएं

- छह केंद्रों पर चल रहा है मूल्यांकन कार्य 2326 के सापेक्ष 911 परीक्षक हुए उपस्थित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य आज सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने कई मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षकों को मूल्यांकन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

मूल्यांकन कार्य में 2326 के सापेक्ष 911 परीक्षक ही उपस्थित हुए। आज छह मूल्यांकन केंद्रों पर हाईस्कूल की 27899 और इंटर की 15390 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई। छठे दिन 911 परीक्षकों ने मूल्यांकन कार्य किया, जिसकी यूपी बोर्ड मुख्यालय में बने राज्य स्तरीय कमांड एंड कंट्रोल रूप से ऑनलाइन निगरानी की गई। हाईस्कूल व इंटर की करीब 4 लाख 61 हजार 333 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक अप्रैल तक पूरा किया जाना है। डीआईओएस ने जीआईसी समेत कई मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जीआईसी में इंटर की 11190, एसपी कालेज में इंटर की 17176, स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कालेज में इंटर की 13829, इस्लामिया इंटर कालेज में इंटर की 22822, देवी प्रसाद इंटर कालेज में हाईस्कूल की 87496, एबी रिच इंटर कालेज में हाईस्कूल की 87767 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गई। इस तरह अब तक कुल हाईस्कूल की 102420 और इंटर की 65017 उत्तर पुस्तिकाएं जांची गईं। वहीं, बोर्ड कॉपियों के मूल्यांकन कार्य के लिए कुल 2326 परीक्षक आवंटित किए गए थे। इनमें से सिर्फ 911 परीक्षक ही केंद्रों पर उपस्थित होकर कापियां जांच रहे है।

## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।

बीज मंत्र...

**माँ कात्यायनी: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः**

# समाधान दिवस : 55 शिकायतों में 10 का मौके पर किया निस्तारण

## डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह और एसपी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कुल 55 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।



तिलहर में समाधान दिवस के दौरान शिकायतें सुनते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर किया जाए और शिकायतकर्ता के साथ निस्तारण का फोटो भी अपलोड किया जाए। बतलैया गांव के प्रमोद कुमार और ओमवीर गंगवार ने बताया कि चकबंदी के बाद मिली जमीन पर अभी तक कब्जा नहीं दिलाया गया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह यादव और महासचिव राहुल देव सागर के नेतृत्व में वकीलों ने 19 सूत्री ज्ञापन सौंपा, जिस पर डीएम ने एसडीएम सदानंद सरोज को समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए। संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह ने तहसील परिसर की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया और तहसील गेट स्थित एक होटल में खाने-पीने की चीजों की शुद्धता पर सवाल उठाए। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खाद्य निरीक्षक मनोज कुमार को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान अव्यवस्था के चलते आपाधापी का माहौल बना रहा। इस दौरान एसडीएम सदानंद सरोज, सीओ ज्योति यादव, तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, चिकित्सा अधीक्षक ओमेंद्र राठौर, कोतवाल जुगल किशोर पाल, नायब तहसीलदार मनु माथुर, पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार, मनीष यादव, अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**कलान :** तहसील समाधान दिवस सोमवार को एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, लेकिन किसी भी शिकायत

- **वकीलों ने 19 सूत्री ज्ञापन देकर बताई समस्याएं, जांच करने के दिये निर्देश**

का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 7, राजस्व-पुलिस संयुक्त की 13, विकास विभाग की 1 और पुलिस विभाग की 4 शिकायतें शामिल रहीं। बताया गया कि शनिवार को ईद के कारण अवकाश होने से मामलों का निस्तारण नहीं हो पाया। एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह ने सभी शिकायतों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में तहसीलदार सृजित कुमार, खंड विकास अधिकारी रवि सिंह राणा, थाना प्रभारी कलान शिव दीन वर्मा तथा मिर्जापुर और परौर थानों की पुलिस मौजूद रही। इसके अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## चक रोड पर कब्जा, किसानों ने की शिकायत

**तिलहर, अमृत विचार :** किसानों ने संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को शिकायती पत्र देकर चक रोडों पर अवैध कब्जे और डंपिंग जोन की समस्या उठाई। शिकायतकर्ता की ओर से बताया गया कि उनके खेत हिंदू पट्टी अंदर चुंगी और बाहर चुंगी क्षेत्र में स्थित हैं, जहां खेतों के पास बनी चक रोडों पर दबंग लोगों ने कब्जा कर रखा है, जिससे फसल लाने ले जाने में भारी परेशानी हो रही है। संजीव सक्सेना ने बताया कि खेतों के पास करीब 100 मीटर की दूरी पर नगर पालिका तिलहर की ओर से डंपिंग जोन बनाया गया है, जहां वर्षों से कचरा जमा है लेकिन उसका निस्तारण नहीं कराया गया। इसके कारण क्षेत्र में तेज बदबू फैलती है और संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। शिकायती पत्र पर संजीव सक्सेना, रेखा सक्सेना, बुद्धू और राजाराम सहित अन्य लोगों के हस्ताक्षर हैं। संजीव सक्सेना ने बताया कि डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर पालिका प्रशासन को समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

- **संपूर्ण समाधान दिवस में दिया गया शिकायती पत्र**

# गैस एजेंसी शिफ्ट होने से बढ़ी परेशानी

- **अधिकतर उपभोक्ता पुवायां कस्बे व आसपास के**
- **फिर भी संचालन 25 किलोमीटर किया जा रहा दूर**

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** क्षेत्र में संचालित भारत गैस की पशुपतिनाथ गैस एजेंसी के संचालन को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। एजेंसी का लाइसेंस स्थान गांव मुड़िया बताया जा रहा है, जबकि पहले इसका कार्यालय पुवायां कस्बे में संचालित होता था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एजेंसी के अधिकांश उपभोक्ता पुवायां कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े हैं। ऐसे में कस्बे में कार्यालय रहने से लोगों को सुविधा मिलती थी, लेकिन वर्तमान में गैस संकट के दौरान संचालन लगभग 25 किलोमीटर दूर से किए जाने के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गैस बुकिंग, ई-केवाईसी व अन्य कार्यों के लिए लोगों को अब अधिक दूरी तक जाना पड़ रहा है। दूरदराज से आने वाले उपभोक्ताओं, महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष रूप से कठिनाई हो रही है। लंबी लाइनें, बार-बार चक्कर और समय की बर्बादी से लोग परेशान हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जब हालात सामान्य थे, तब एजेंसी का काम पुवायां से सुचारू रूप से चलता रहा, लेकिन जरूरत के समय गांव में संचालन कर दिया गया, जो जनहित के विपरीत है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष आशीष तिवारी समेत स्थानीय नागरिकों ने तहसील दिवस में ज्ञापन देकर प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि उपभोक्ताओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए एजेंसी का कार्यालय पुनः पुवायां में संचालित कराया जाए, ताकि सैकड़ों गांवों के उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और गैस से जुड़ी समस्याओं का समाधान आसानी से हो सके। इस मामले में एसडीएम चित्रा निर्वाल ने बताया कि पूर्ति विभाग के जरिए जांच कराकर एजेंसी कार्य पुवायां से संचालित करने के यथासंभव प्रयास किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### जेल भरो सत्याग्रह 11 मई तक स्थगित

शाहजहांपुर, अमृत विचार : भारतीय कृषक दल का 23 मार्च को प्रस्तावित जेल भरो सत्याग्रह 11 मई तक स्थगित कर दिया गया है। संगठन की ओर से बताया गया कि गांव-गांव समग्र क्रांति जनजागरण सत्याग्रह अभियान जारी रहेगा। छुट्टा गौवंश की समस्या सहित 15 सूत्रीय जनहित मांगों को लेकर भारतीय कृषक दल के राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद यादव जनसेवक के नेतृत्व में 22 दिसंबर से चल रहा बेमियादी सत्याग्रह 90 दिन पूरा कर चुका है। प्रमोद यादव जनसेवक ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से की गई कागजी कार्यवाही के क्रम में 23 मार्च के प्रस्तावित जेल भरो सत्याग्रह को स्थगित किया गया है और कागजी कार्यवाही को धरातल पर लागू करने के लिए एक महीने से अधिक समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि इसके बाद भी प्रशासन नहीं जागा तो 11 मई को जेल भरो सत्याग्रह किया जाएगा।

### महिला को पत्थर मारकर किया घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला गौटिया निवासी सोनी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रविवार की शाम उसका 15 माह का बेटा मिताश घर के दरवाजे पर खेल रहा था। अंकित व उसका भाई जितिन लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसके पुत्र का बाल-बाल बच गया। महिला ने विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर पत्थर मारकर घायल कर दिया। महिला बेहोश होकर गिर गयी। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## अनियंत्रित बाइक खंभे से टकराई, युवक की मौत

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार:** मोटर साइकिल से पूर्णागिरी धाम की यात्रा करके वापस अपने घर जा रहे 28 वर्षीय युवक की मोटर साइकिल अचानक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां से उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, जबकि बाइक सवार दूसरे साथी को मामूली चोटें आई हैं।

फतेहगढ़ फर्रुखाबाद के जेल मोहल्ला निवासी श्री नारायण गुप्ता का 28 वर्षीय पुत्र टिल्लू गुप्ता अपने मोहल्ले के ही दूसरे 20 वर्षीय साथी आकाश के साथ मोटर साइकिल से अन्य चार बाइक सवार आठ लोगों के साथ अपने घर से 19 मार्च को पूर्णागिरी मंदिर पर दर्शन करने के लिए निकला था। सोमवार को घर वापस लौटते समय शाम करीब चार बजे बंडा पुवायां नेशनल हाईवे पर गांव दलेलपुर के पास अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े खंभे में जा टकराई। मौके पर मौजूद राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके साथी आकाश को मामूली चोटें आई हैं। वहीं पीछे से उसके अन्य साथियों को भी जब मामले की जानकारी हुई तो वह अस्पताल में पहुंचे, जहां टिल्लू को मृत देखकर उन्होंने उसके परिवार वालों को जानकारी दी।



मृतक टिल्लू गुप्ता।

## वन दरोगा पर रुपये मांगने का आरोप

**तिलहर, अमृत विचार:** विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरहा मोहब्बतपुर के पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश शुक्ला ने संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह को शिकायती पत्र देकर वन विभाग के एक दरोगा पर अवैध रूप से रुपये मांगने का आरोप लगाया।

शिकायत में बताया गया कि पेड़ कटान की अनुमति के लिए जाने पर वन दरोगा की ओर से प्रति पेड़ पांच हजार रुपये की मांग की गई। सुरेश शुक्ला के अनुसार उन्हें गांव भटपुरा निवासी रामवीर के सागौन के 19 पेड़ काटने थे, जिसके लिए वह अनुमति लेने गए थे। उन्होंने मामले में विभागीय कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मामले में जांच कर उचित कार्रवाई और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

# विवाह योजना में अनियमितताओं पर प्रदर्शन

- **पात्र लाभार्थियों को न्याय दिलाने की मांग, 15 दिन में समाधान की चेतावनी**
- **सैकड़ों परिवारों ने आवेदन के बावजूद योजना से वंचित होने का आरोप लगाया**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अनियमितताओं के विरोध में आजाद अधिकार सेना के नेतृत्व में सैकड़ों गरीब और जरूरतमंद परिवारों ने आवाज उठाई। प्रभावित परिवारों की ओर से मुख्यमंत्री को विस्तृत ज्ञापन भेजा गया।

इसमें कहा गया कि ऑनलाइन आवेदन और भौतिक सत्यापन पूरा होने के बाद भी बड़ी संख्या में पात्र लाभार्थियों को विवाह कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया। परिवारों ने इसे शासन के प्रथम आगत-प्रथम पावत सिद्धांत का उल्लंघन बताया।



सामूहिक विवाह योजना में अनियमितताओं को लेकर विरोध प्रदर्शन करते परिवार और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्ष 2025 के कई सत्यापित आवेदन अभी तक लंबित हैं, जिससे गरीब परिवार आर्थिक, सामाजिक और मानसिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि आवेदन संख्या अधिक है तो शासन की ओर से अतिरिक्त बजट और लक्ष्य निर्धारित किया जा सकता है, लेकिन इसके बावजूद सैकड़ों पात्र परिवार 60 हजार रुपये की सहायता और वैवाहिक सामग्री के लिए इंतजार कर रहे हैं।

आंदोलन के दौरान अतिरिक्त बजट स्वीकृत करने, 15 कार्य दिवसों के भीतर पुनः सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराने, विधवा, दिव्यांग और अत्यंत गरीब परिवारों को प्राथमिकता देने तथा सभी लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण की मांग उठाई गई। प्रभावित परिवारों ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और अधिक व्यापक और उग्र किया जाएगा। इस मौके पर आरटीआई एक्टिविस्ट शैलेश कुमार ने कहा कि यह गरीब बेटियों के सम्मान और भविष्य का सवाल है और प्रशासन ने संवेदनशीलता नहीं दिखाई तो आंदोलन पूरे प्रदेश में फैल सकता है।

## फरसा बाबा की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** भारतीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मथुरा में हुई फरसा बाबा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की गई है, साथ ही गोरक्षकों पर हुए केस वापस कराए जाने की मांग की है।

संगठन के पदाधिकारियों का आरोप है कि मथुरा में बाबा चंदशेखर उर्फ फरसा बाबा की मौत संदिग्ध हालात में हो गई। परिजनों और संगठन के लोगों का कहना है कि उनके के शरीर पर चोट के निशान पाए गए, जिससे घटना पर संदेह और गहरा गया है। उन्होंने

- **गोरक्षकों पर हुए केस वापस कराये जाने की भी उठी मांग**

आरोप लगाया कि मामले में सही तथ्यों को सामने लाने के लिए गहन जांच आवश्यक है। ज्ञापन में कहा गया है कि घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग भी उठाई गई है। कार्यकर्ताओं ने घटना की उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच कराए जाने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने की मांग की है। इस दौरान सुभाष सिंह, अभिषेक सिंह, विवेक मिश्रा व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लाइसेंस के बाद नहीं मिली मशीन

- **जिला कृषि अधिकारी को ज्ञापन देकर जल्द उपलब्ध कराने की मांग**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में व्यापारियों ने जिला कृषि अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याएं रखीं।

संगठन के जिला अध्यक्ष वी पी सिंह गोल्डी ने बताया कि लाइसेंस जारी होने के बावजूद करीब तीन माह बीत जाने के बाद भी व्यापारियों को पीओएस मशीन उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे खरीद बिक्री प्रभावित हो रही है और दुकानों व गोदाम का किराया व्यर्थ जा रहा है। उन्होंने कहा कि मशीन उपलब्ध न होने से व्यापारी



जिला कृषि अधिकारी को ज्ञापन सौंपते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी और व्यापारी।

अपना काम शुरू नहीं कर पा रहे हैं। इस पर जिला कृषि अधिकारी की ओर से आश्वासन दिया गया कि मार्च माह के भीतर व्यापारियों को पीओएस मशीन उपलब्ध करा दी जाएगी, जिससे व्यापार सुचारू रूप से शुरू हो सके। जिला अध्यक्ष वी पी सिंह गोल्डी ने चेतावनी दी कि यदि मार्च माह तक मशीन उपलब्ध नहीं कराई गई तो मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की जाएगी। इस मौके पर संगठन के उपाध्यक्ष अंकुर गांधी, महानगर महामंत्री श्याममोहन मिश्रा, चमन तिवारी, आर के श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, रजत बत्रा, मो वाजिद, संदीप वर्मा, सुनील मलहोत्रा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## चाकू से युवक को किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शहर में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल युवक का अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला शांति पुरम कालोनी निवासी इशरत अली ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि रविवार की दोपहर बाद चार बजे अपने घर से सब्जी लेने जा रहे थे। रास्ते में इमरान, जीशान, अयान और अनस से उसे घर लिया और गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। चाकू उसके पीठ पर लगा। आरोपियों ने धमकी दी कि थाना पर रिपोर्ट दर्ज करायी तो जान से मार डालेंगे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इमरान समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# दहेज हत्या प्रकरण में फरार पति गिरफ्तार

- **धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत की कार्रवाई**

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार :** पुलिस ने दहेज हत्या के एक सनसनीखेज मामले में वांछित चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की यह कार्रवाई सोमवार को अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।

7 मार्च 2026 को थाना पुवायां में एक व्यक्ति ने दर्ज कराए मुकदमे में आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज में 5 लाख रुपये की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर पति समेत अन्य परिजनों ने मिलकर महिला की फांसी लगाकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने पति राजीव कुमार सहित कुल आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान सोमवार को पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी राजीव कुमार (30) निवासी ग्राम रहदेवा को बड़ागांव चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2024 में आबकारी अधिनियम के तहत भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस की कार्रवाई को दहेज उत्पीड़न व हत्या जैसे जघन्य अपराधों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने की बैठक

- **4 अप्रैल को होने वाले धरना प्रदर्शन के लिए बनाई गई रणनीति**
- **2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी लागू करने का विरोध**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाह और उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की आवश्यक बैठक सोमवार को संगठन के जिला कोषाध्यक्ष नितिन मिश्रा के ब्रज विहार कॉलोनी स्थित आवास पर संपन्न हुई।

बैठक में वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में चार अप्रैल को दिल्ली में होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग करने के लिए रणनीति तैयार की गई, साथ ही जिला स्तरीय अन्य समस्याओं पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक



बैठक के बाद हाथ उठाकर विरोध जताते शिक्षक। ● अमृत विचार

को संबोधित करते हुए टीएफआई के बैनर तले प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल ने कहा कि सभी शिक्षक शासन की ओर से निर्धारित योग्यताओं के आधार पर चयनित हुए हैं और सेवा के अंतिम पड़ाव पर नई शर्तें थोपना न्याय सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने सभी साथियों से चार अप्रैल के धरना प्रदर्शन में दिल्ली चलने का आह्वान किया। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मगरे लाल ने कहा कि अधिकांश शिक्षक 50 वर्ष की आयु पार कर चुके हैं और सेवानिवृत्ति के करीब हैं, ऐसे में परीक्षा की अनिवार्यता पूर्णतः अन्यायपूर्ण है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष नितिन मिश्रा ने कहा कि नियुक्ति के समय लागू नियम ही प्रभावी होने चाहिए और पूर्व नियुक्त कर्मचारियों को वर्तमान नियमों के आधार पर बाध्य करना तथा असफल होने पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति जैसा दंड देना न्यायोचित नहीं है। जूनियर शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विश्राम सिंह ने प्रमुख मांगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता समाप्त की जाए, सेवा से पृथक्करण की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और मानवीय एवं न्यायपूर्ण समाधान निकाला जाए। उन्होंने इन मांगों को पूरा कराने के लिए चार अप्रैल को दिल्ली कूच करने का आह्वान किया। बैठक में संरक्षक राजकुमार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष भावलखेड़ा बृजेश कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष कलान अवनीश यादव, ब्लॉक मंत्री महेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार, त्रिभुवन नाथ, वरिष्ठ शिक्षक नेता मनोज कुमार शर्मा, महेंद्र पाल सिंह चौहान, आयुष बंसल, कृष्ण गोपाल दीक्षित, राजेश वर्मा, अमित मिश्रा, पंकज कुमार और कृष्ण कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अफीम के साथ तस्कर लिपी सोय गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसओजी और रोजा पुलिस को सोमवार की सुबह 10 बजे सूचना मिली कि मादक पदार्थ तस्कर अटसलिया पुल पर खड़ा है और किसी का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़ा गया तस्कर लिपी सोय निवासी मुचिया थाना अडकी जिला खूंटी झारखंड है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक किलो 517 ग्राम अफीम, 1600 रुपये और एक मोबाइल बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि झारखंड से अफीम लाता है और बरेली के आंवला में एक व्यक्ति को देने जा रहा था। बस खराब हो जाने पर उतर गया था और दूसरी सवारी का इंतजार कर रहा था। टीम में रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार व अन्य कर्मी शामिल थे।

# नव निर्माण पर विकास भवन में विचार गोष्ठी

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास भवन सभागार में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला खेल कार्यालय, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग, मेरा युवा भारत शाहजहांपुर और जिला गंगा समिति की ओर से संयुक्त रूप से किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, युवाओं और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

गोष्ठी में बीते नौ वर्षों में प्रदेश सरकार की ओर से किए गए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी अधिकारियों ने अपने विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी। जिला क्रीड़ा अधिकारी एस पी बमनिया ने

- **विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं पर डाली रोशनी**
- **खेल, युवा कल्याण और गंगा स्वच्छता योजनाओं पर विस्तार**

खेलों के क्षेत्र में उपलब्धियों और खिलाड़ियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। जिला युवा अधिकारी मेरा युवा भारत मयंक भदौरिया ने युवाओं के सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी। जिला युवा कल्याण अधिकारी एनके सिंह ने विभागीय योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और ग्रामीण युवाओं के विकास कार्यों को साझा किया। जिला गंगा समिति के डॉ. विनय सक्सेना ने नदियों की स्वच्छता, जल संरक्षण और गंगा स्वच्छता पखवाड़ा पर जानकारी देते हुए प्रश्नोत्तरी कराई। कार्यक्रम में युवाओं को सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

## टी स्टॉल पर टीम का छापा, सैंपल भरे गए

**तिलहर, अमृत विचार :** खाद्य विभाग की टीम ने तहसील गेट स्थित महेंद्र टी स्टॉल होटल पर छापा मारकर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए।

कार्रवाई संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह की शिकायत के बाद की गई, जिसमें होटल पर खराब खाद्य पदार्थ मिलने और नाबालिग बच्चों से काम कराए जाने की बात कही गई थी। डीएम के आदेश के बाद खाद्य निरीक्षक मनोज कुमार मौके पर पहुंचे और समोसा, गुलाब जामुन तथा चाय के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे। खाद्य निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि होटल संचालक को साफ सफाई को लेकर पहले भी नोटिस दिया जा चुका है और करीब दो माह पहले भी यहां से सैंपल लिए गए थे, जिनकी रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है।


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर
डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# अधिकारी सुन रहे थे शिकायत निरीक्षक ले रहा था रिश्वत

## पकड़े जाने पर मची अफरा-तफरी, अधिकारियों के आने से पहले टीम लेकर निकल गई

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** तिलहर तहसील में मंगलवार को समाधान दिवस था और अधिकारी लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। इधर सहायक मत्स्य विभाग का निरीक्षक तहसील गेट पर काम कराने के पीड़ित से रिश्वत ले रहा था। एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा तो तहसील में अफरा-तफरी मच गयी। लोगों की भीड़ लग गयी। टीम ने उसे पकड़ा वाहन में डालकर कटरा थाना पर ले गए। जहां लिखापढ़ी करने के बाद अपने साथ बरेली ले गए।

पुवायां थाना क्षेत्र के गांव सदापुर निवासी राजेश कुमार भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता गुट के जिला सचिव भी है। वह वर्ष 2018 से मत्स्यजीवी सहकारी समिति लिमिटेड सदापुर का पंजीकरण कराने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन सुविधा शुल्क की मांग कर रहे थे, जिस कारण उनका रजिस्ट्रेशन नहीं हो सका था। उन्होंने दिसंबर 25 में फिर आनलाइन आवेदन किया था। सहायक मत्स्य विभाग के निरीक्षक पूरनलाल उससे बराबर रिश्वत की मांग कर रहे थे। वह टाल मटौल कर रहे थे।


शिकायतकर्ता राजेश।

पीड़ित ने राजेश कुमार ने एंटीकरप्शन बरेली में शिकायत की थी। टीम ने पहले से उसे पहले से समय दे दिया था। तहसील तिलहर में मंगलवार को तहसील दिवस था और प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अधिकारी लोगों की दोपहर को शिकायत सुन रहे थे। इस दौरान पीड़ित राजेश निरीक्षक पूरनलान से संपर्क किया और तहसील तिलहर गेट पर रिश्वत लेने के लिए बुलाया। इस दौरान रिश्वत लेते निरीक्षक को टीम ने पकड़ लिया। इसकी खबर तहसील में आग की तरह फैल गयी। अधिकारियों के कानों तक गयी। अधिकारी और कर्मचारी आपस में चर्चा करने लगे। जब तक अधिकारी और कर्मचारी बाहर आए तो टीम निरीक्षक को लेकर निकल गयी थी।

### निरीक्षक ने एक लाख रुपये मांगी थी रिश्वत

सहायक मत्स्य विभाग के निरीक्षक पूरनलाल राजेश से एक लाख रुपये की मांग शुरु कर रहे थे। पीड़ित ने कहा कि उसके पास इतने पैसे नहीं है। पीड़ित ने उनकी काफी खुशामद की। निरीक्षक उससे पहले 25 हजार रुपये ले चुके थे। निरीक्षक ने कहा कि 10 हजार रुपये और दे देना और काम हो जाएगा। निरीक्षक ने समाधान दिवस में बुलाया था। पीड़ित काफी परेशान हो गया था। उसने मजबूरन में यह कदम उठाया।

### निरीक्षक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली मंडल बरेली के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह टीम के साथ अभियुक्त पूरनलाल निवासी फैलम थाना अलीगंज जिला बरेली सम्प्रति ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य तहसील तिलहर गेट पर दस हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया है। शिकायतकर्ता राजेश कुमार पुवायां की मत्स्य जीवी सहकारी समिति सदापुर के गठन विधिक कार्यवाही किए जाने के एवज में रिश्वत की मांग करना। टीम ने दस हजार रुपये रिश्वत लेते निरीक्षक को पकड़ा है। कटरा थाना में निरीक्षक के खिलाफ भष्टाचार अधिनियम का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पहले भी पकड़े जा चुके हैं कर्मचारी

एंटी करप्सन टीम पहले भी कई बार कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ चुकी है। टीम ने कई माह पूर्व मत्स्य विभाग के एक कर्मचारी को कचहरी रोड पर पीडब्लूडी निरीक्षण विभाग के निकट रिश्वत लेते पकड़ा था। इसी प्रकार तहसील सदर में एक लेखपाल को रिश्वत लेते पकड़ा था। इसी प्रकार पिछले साल बंडा थाना के एक दरोगा को रिश्वत लेते पकड़ा था।

# महिला ने कमरे में फंदे से लटक कर दे दी जान

**जैतीपुर, अमृत विचार:** एक महिला ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति से उसका मोबाइल को लेकर विवाद हो गया था। उसका पति दुकान पर था और बच्चे पड़ोसी के घर गए थे। जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा रठ निवासी मनोज एक मिठाई की दुकान पर काम करता है। वह दुकान पर काम करने के लिए चला गया। उसकी पत्नी 28 वर्षीय आरती ने बच्चों को पड़ोसी के धर शाम सात भेज दिया। वह रात में नो बजे दुकान से घर पर आया तो बच्चे घर पर नहीं थे। पड़ोसी के घर से बच्चे आए। उसने पत्नी को तलाश किया। उसने एक कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया। उसने खिड़की से देखा कि उसकी पत्नी आरती फंदे से लटकी हुई थी। इस दौरान गांव वाले एकत्रित हो गए। सूचना पर थाना प्रभारी प्रिंश शर्मा मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर आरती का शव नीचे उतारा। बताते हैं कि उसका मोबाइल को लेकर पति से विवाद हो गया था। मृतका का मायका छिकड़ापुर गाव में है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# मौलवी मोहम्मद हुसैन मियां का दो दिवसीय उर्स संपन्न

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** हजरत ख्वाजा मौलवी मोहम्मद हुसैन शाह चिश्ती उर्फ मौलवी मियां रहमतुल्लाह अलैह का दो दिवसीय सालाना उर्स सोमवार को खुशहाली व सलामती की दुआ के साथ सम्पन्न हो गया।

मोहल्ला हाथीथान स्थित खानकाह हाफिजिया में नायब सज्जादानशीन सिराजुद्दीन अहमद खां की सरपरस्ती में सुबह दस बजे कुल शरीफ का आगाज तिलावत-ए-कुरआन से हुआ। हाजिरीन से खिताब करते हुए मौलाना निजामुद्दीन ने हजरत ख्वाजा मौलवी मोहम्मद हुसैन शाह की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौलवी मियां ने हमेशा दीने हक और अहले सुन्नत वल जमात का प्रचार किया। मौलवी मियां के खलीफा और मुरीद गुजरात में हैं, जो हर साल यहां मजार पर श्रद्धा सुमन पेश करते हैं।


मोहल्ला हाथीथान स्थित खानकाह हाफिजिया में कुल शरीफ में शामिल जायरीन।

हाफिज मोहम्मद जीशान रज़ा ने नात व मनकबत पेश की। कुरआन की आयात पढ़कर साहिबे उर्स को इसाले सवाब करते हुए मौलाना निजामुद्दीन ने कौम व मिल्लत की तरक्की की दुआ की। महफिल ए समा में कव्वाल आदिल राजू मुरली का सूफियाना कलाम सुनकर जायरीन झूम उठे। मजार पर चादरपोशी व गुलपोशी की गई। लंगर बांटा गया। बच्चन खां, शकील खां, आजम खां, साजिद खां, निसार अहमद, असलम खां, वसीम निजामी, अकरम आदि मौजूद रहे।

### संजर शाह व लतीफ शाह के उर्स में उमड़े जायरीन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** हजरत संजर शाह मियां व हजरत लतीफ शाह मियां रहमतुल्लाह अलैह का कुल शरीफ सोमवार सुबह 10 बजे हुआ। खादिम आफताब आलम बब्बन की निगरानी में हुए कुल शरीफ में कुरआन की आयतें पढ़कर हाफिज शम्सुल आरिफीन वारसी ने मुल्क की सलामती की दुआ की। जायरीन ने मजार पर गुलपोशी व चादरपोशी की। लोगों में लंगर बांटा गया। बीती देर शाम को जलसा हुआ। मौलाना अनीस रजा खां ने तकरीर के जरिए से लोगों से वलियों के नक्शे कदम पर चलने की ताकीद की। कारी अली अहमद महानंदपुरी, हाफिज कासिम अख्तर वारसी, अब्दुल कादिर, हाफिज मोहम्मद इकराम ने नातिया कलाम पढ़ा। संचालन कासिम अख्तर ने किया।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005

बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


# भाजपा मंडल कमेटी का विस्तार

**सिंधौली, अमृत विचार:** भाजपा की मंडल कमेटी का विस्तार करते हुए पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कस्बा में कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। इस दौरान जगदीश चौहान और मनीष गुप्ता को महामन्त्री तथा सुरेन्द्र पाल को मंडल उपाध्यक्ष बनाया। अवनीश प्रताप सिंह, जगपाल सिंह, सुनील मिश्रा, नितेश सैनी और सन्तोष दीक्षित को मंडल उपाध्यक्ष बनाया। प्रदीप सिंह, प्रदीप अवस्थी, आरती शर्मा, संजीत कुमार, कमलेश कुमार, कल्पना प्रजापति को मंडल मंत्री, अभिषेक श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष बनाया। भाजपा नेता मुनेश्वर सिंह, मण्डल अध्यक्ष सतेन्द्र सक्सेना और सुभाष श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर युवती की बनाई रील्स, वायरल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** रेलवे ट्रैक पर रील्स बनाने का लोगों में शौक बढ़ता जा रहा है। एक युवती का रेलवे ट्रैक पर रील्स बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने की घटना को जीआरपी ने संज्ञान में लिया है। जीआरपी युवती की पहचान करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

सोशल मीडिया पर एक वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल में एक युवती रेलवे ट्रैक के बीच में चलती हुई दिखाई दे रही है, जिसका कोई वीडियो बना रहा है। यह वीडियो रेलवे स्टेशन के आस-पास का है। इस वीडियो पर गाना लगाकर इसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा किया गया। हालांकि वीडियो में दिख रही युवती कौन है और यह वीडियो कब बनाया गया है। इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।


रेलवे ट्रैक पर युवती का रील्स बनाते सोशल मीडिया पर वायरल फोटो।

जीआरपी थाना प्रभारी ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर रील्स बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है और युवती की पहचान कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि युवती की पहचान होने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

- मिशन शक्ति टीम ने विद्यालय में चलाया जागरुकता अभियान

संवाददाता, परौर

**अमृत विचार:** महिला सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को थाना परौर की मिशन शक्ति टीम ने प्राथमिक विद्यालय नारायण नगला में पहुंचकर छात्र-छात्राओं और ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया।

कार्यक्रम के दौरान टीम ने 112, 1930, 1098, 181, 102, 108, 1076 और 1090 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनके सही उपयोग के बारे में बताया और कहा कि आपात स्थिति में इन नंबरों के माध्यम से तुरंत सहायता प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही महिलाओं की चौपाल लगाकर उन्हें सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। एंटी रोमियो टीम की ओर से मिशन सुरक्षा केंद्र थाना परौर के सीयूजी नंबर की जानकारी भी साझा की गई ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं सीधे संपर्क कर सकें।

कार्यक्रम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक विकेश कुमार, मिशन शक्ति प्रभारी उप निरीक्षक प्रभा चौधरी और हेड कांस्टेबल सुमन सहित पुलिस टीम मौजूद रही। विद्यालय स्टाफ, ग्रामीण महिलाएं और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने इस पहल की सराहना की।

# रिटायर्ड कैशियर के निधन पर शोक

**जैतीपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव खेड़ा बझेड़ा निवासी जिला सहकारी बैंक के रिटायर्ड कैशियर विद्यासागर शर्मा (80) का सोमवार सुबह निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। विद्यासागर शर्मा ने जिला सहकारी बैंक में कैशियर के पद पर अपनी सेवाएं दी थीं। उनके परिवार में पत्नी दुर्बेश शर्मा और दो बेटे अजय शंखधार व सुमित शंखधार हैं। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी व परिजन शामिल हुए और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी।

### जीआरपी थाना प्रभारी का तबादला

**शाहजहांपुर।** जीआरपी थाना प्रभारी अनिल कुमार का अयोध्या कैंट तबादला हो गया है। वह कुछ माह पूर्व यहां स्थानातंरण होकर आए थे। उनके स्थान पर बाराबंकी जीआरपी थाना प्रभारी रामकरन यादव स्थानातंरण होकर आ रहे है।

न्यूज ब्रीफ

### मजदूरी करने महाराष्ट्र गया युवक लापता, नहीं सुन रही पुलिस

**विजय नगला, अमृत विचार** : चार महीने पहले मजदूरी करने महाराष्ट्र गया युवक लापता हो गया है। वापस न आने पर परिजनों ने तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चला। युवक के पिता के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की गई है। कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र के गांव मझिया निवासी जमुना प्रसाद ने पोर्टल पर शिकायत की कि उनका बेटा आकाश चार महीने पहले मजदूरी करने गुजरात गया था। गांव निवासी ठेकेदार राकेश उनके बेटे को चार सौ रुपये रोज मजदूरी दिलाने का आश्वासन देकर महाराष्ट्र ले गया था जिसके तीन महीनों के बाद फरवरी में राकेश लौट आया लेकिन आकाश वापस नहीं आया। पूछने पर ठेकेदार लगातार टालमटोल कर रहा है। वह गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन पुलिस नहीं सुन रही।

### सहसवान बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को नामांकन आज

**सहसवान, अमृत विचार** : बार एसोसिएशन सहसवान के वार्षिक चुनाव को लेकर कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष अनेक पाल सिंह ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 24 मार्च को शुरू की जाएगी। नामांकन पत्रों की जांच 25 मार्च को होगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित की गई है। एल्डर कमेटी की ओर से सभी अधिवक्ताओं से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथियों का पालन करते हुए चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि चुनाव शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। बार एसोसिएशन के इस वार्षिक चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### इफको फैक्ट्री का 25 मार्च को भ्रमण करेंगे विद्यार्थी

**बदायूं, अमृत विचार** : विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करने, प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करने व नई तकनीक की जानकारी के लिए विद्यार्थी 25 मार्च को आंवला स्थित इफको प्लांट का शैक्षिक भ्रमण करेंगे।

# प्लास्टिक उत्पादों की कीमतों में आया उछाल

## कॉमर्शियल सिलेंडर और प्लास्टिक दाना की कमी का असर


- प्लास्टिक की बाल्टी, मग, बोतल, टब और अन्य घरेलू उपयोग की वस्तुएं हुई महंगी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** अमेरिका-इजरायल व ईरान के बीच युद्ध का असर बाजार में दिखने लगा है।

बाजार में प्लास्टिक से बने दैनिक उपयोग के सामानों की कीमतों में उछाल आया है। कमर्शियल सिलिंडर और प्लास्टिक दाना की कमी के चलते उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसका सीधा असर बाजार पर पड़ा है। कुछ हफ्तों में प्लास्टिक उत्पादों के दामों में करीब 10 से 20 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

बाजार में प्लास्टिक की बाल्टी, मग, बोतल, टब और अन्य घरेलू उपयोग की वस्तुएं अब पहले की तुलना में महंगी बिक रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि फैक्ट्रियों में कच्चे माल की उपलब्धता घटने और उत्पादन लागत बढ़ने के कारण कंपनियों ने मूल्य बढ़ा दिए हैं, जिससे खुदरा बाजार में भी कीमत बढ़ गई हैं। दुकानदार मोहन गुप्ता ने बताया कि पहले जो प्लास्टिक की सामान्य बाल्टी 120 से 140 रुपये में मिल जाती थी, वही अब 140 से 170 रुपये तक पहुंच गई है। इसी तरह प्लास्टिक मग की कीमत 25 से 30 रुपये से बढ़कर 30 से 40 रुपये हो गई है। पानी की प्लास्टिक बोतलें जो पहले 20 से 25 रुपये में मिलती थीं, अब 25 से 35 रुपये तक बिक रही हैं। छननी आदि के दाम भी बढ़े हैं। दुकानदार सुरेश जायसवाल ने बताया कि बड़े आकार के प्लास्टिक के टब और ड्रमों की कीमतों में भी 50 से 100 रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। फ्रिज बोतल 150 से 180 रुपये हो गए हैं। प्लास्टिक दाना जो इन उत्पादों का मुख्य कच्चा माल है, उसकी उपलब्धता में कमी और दामों में इजाफा होने से लागत और बढ़ गई है। दुकानदारों का कहना है कि अगर युद्ध लंबा चलता है तो वस्तुओं के दाम और बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।


बिक्री के लिए रखे प्लास्टिक उत्पाद

## मिलावट की रोकथाम के लिए हुई छापामारी

- खाद्य एवं औषधि विभाग ने की छापामारी, लिए नमूने

**बदायूं, अमृत विचार:** नवरात्र में मिलावटी खाद्य पदार्थ की बिक्री रोकने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने छापामारी कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन खाद्य पदार्थ के नमूने लिया और उन्हें जांच के लिए भेज दिया।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के जरिये शहर के बाजार में छापामार कार्रवाई की गई। शहर के जोगीपुरा स्थित अभि एजेंसी के यहां से कुट्टू आटा, सिंघाड़ा आटा व साबूदाना के नमूने लिये गए और नमूनों को जांच के लिए लैब में भेजा गया। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर साफ-सफाई व्यवस्था ठीक नहीं थी। इस पर उन्हें नोटिस जारी किया गया है। छापामार कार्रवाई में आरपी सिंह, प्रमोद कुमार, प्रिया त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# भक्तों ने किया स्कंदमाता का पूजन

- मंदिरों में पूजा करने पहुंचे श्रद्धालु, लगाए माता के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** वासंतिक नवरात्र के पांचवें दिन आदिशक्ति की स्वरूप देवी स्कंदमाता की आराधना हुई। सुबह से ही मंदिरों में नारियल-चुनरी लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। नगला स्थित शक्तिपीठ मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। मंदिर में कतारबद्ध होकर माता के दर्शन कर नारियल और चुनरी चढ़ाने के साथ पूजा-अर्चना की। जिले के अन्य देवी मंदिर भी भक्तों की भीड़ से पटे रहे।

नगला स्थित मां काली के दिव्य रूप का दर्शन पाने के लिए भोर से ही भक्तों की भीड़ मंदिरों में पहुंचने लगी थी। मंदिर में सुबह आरती-पूजन के बाद शुरू हुआ दर्शन-पूजन का क्रम देर शाम तक चला रहा। सुरक्षा को लेकर मंदिर के आस-पास पुलिस बल को तैनात किया गया है। स्कंदमाता की पूजा से सुरक्षा, समृद्धि और सभी प्रयासों में सफलता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। स्कंदमाता हृदय चक्र से जुड़ी हैं, जो प्रेम, करुणा और बुद्धि का प्रतिनिधित्व करती हैं। स्कंदमाता की पूजा करने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं।


नवरात्र के पांचवें दिन मंदिर में पूजा करते भक्त • अमृत विचार

### कामना पूरी करती है मां स्कंदमाता

**बिल्सी, अमृत विचार** : सोमवार को नगर के देवी मंदिरों में मां के भक्तों ने नवरात्रि के पांचवें दिन मां दुर्गा के पांचवे अवतार मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की। भक्तों का मानना है कि इनकी पूजा करने से व्यक्ति के लिए मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं। साथ ही परम सुख की प्राप्ति होती है। इन्हें पद्मासना देवी भी कहा जाता है। व्यक्ति का मन समस्त लौकिक, सांसारिक, मायिक बंधनों से विमुक्त होकर मां के इस स्वरूप में पूर्णत: तल्लीन हो जाता है। सच्चे मन से अगर मां स्कंदमाता की आराधना की जाए तो व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। नगर के मोहल्ला संख्या एक हनुमानगढ़ी स्थित देवी मंदिर, मोहल्ला संख्या पांच के दुर्गा मंदिर, शिव शक्ति भवन मंदिर, कुटी मंदिर, शीतला देवी मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, देववाणी मंदिर समेत प्रमुख देवी मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की।


पूजा के लिए मंदिर पर मौजूद महिलाएं

## कीचड़ भरे रास्ते को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बिल्सी, अमृत विचार** : ब्लॉक अंबियापुर के एक गांव में रास्ते पर कीचड़ भरा होने से ग्रामीणों का जीवन नारकीय बना हुआ है। कीचड़ में स्कूल बच्चे गिर कर चोटिल हो रहे हैं। ग्राम प्रधान और सचिव पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परेशान ग्रामीणों ने कीचड़ में खड़े होकर प्रदर्शन किया। शासन और प्रशासन से मांग की कि उक्त गांव के रास्ते को जल्द ठीक कराया जाए।ब्लॉक अंबियापुर के ग्राम धनौली को जाने वाले रास्ते पर कई सालों से गंदगी है। रास्ते पर कीचड़ और पानी भरा रहता है जिससे गांव को आने जाने में भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने कई बार सड़क निर्माण की मांग ग्राम प्रधान और सचिव से की लेकिन ग्रामीणों की मांग पर ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों सोमवार को कीचड़ में खड़े होकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि बारिश के समय यह रास्ता दरिया बन जाता है। गांव के लोग वाहन नहीं जा पाते हैं। इस समय कीचड़ के चलते स्कूली बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। धनौली गांव को आने-जाने को रास्ता नहीं है।

> ब्लाक अंबियापुर के गांव धनौली के ग्रामीणों का इस मामले में कोई प्रार्थना पत्र नहीं मिला है। यदि कोई पत्र मिलता है तो उस पर संज्ञान लिया जाएगा। सड़क निर्माण कराया जाएगा।
>
> **शैली गोविल** - ग्राम विकास अधिकारी

# खनन में ट्रैक्टर ट्रॉली व जेसीबी पकड़ी गई

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार** : अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे खनन अधिकारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घेराबंदी की। खनन करने वाली दो ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी मशीन सीज की।

थाना बिनावर क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन का कार्य चलता आ रहा है। रात भर खनन वाली ट्रैक्टर ट्रॉली गुजरने से ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव की सड़क पर मिट्टी बिखरी होती है। रविवार देर रात आधा दर्जन से ज्यादा ट्रैक्टर-ट्राली और जेसीबी गांव उसैता के पास जंगल में खनन कर रही थीं। किसी ने खनन अधिकारी को सूचना दे दी। वह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों की गाड़ी आती देखकर खनन कर रहे लोग भाग निकले। मौके से दो ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी मशीन पकड़ ली गई। और थाने ले जाकर खड़ा करा दिया। खनन अधिकारी गुलशन कुमार ने बताया कि रात में अवैध खनन की सूचना लंबे समय से मिल रही थी। पुलिस की सहायता से खनन करने वाली ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ा गया है।


पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली

# क्षमताओं और योग्यता बढ़ाकर श्रेष्ठ नागरिक बनें


शिविर में रोवर्स-रेंजर्स को प्रशिक्षित करते पूर्व ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : नेहरू मेमोरियल शिवनारायण दास पीजी कॉलेज में रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर में प्राकृतिक आपदाओं में खुद को तैयार रखने, तंबू निर्माण करने, युद्ध जैसे हालातों में तैयार रहने का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. आशीष कुमार सक्सेना ने कहा कि युवा अपनी अद्भुत क्षमताओं और योग्यता को बढ़ाएं। देश के श्रेष्ठ नागरिक बनें।

जिला रोवर आयुक्त डॉ. मनवीर सिंह ने कहा कि स्काउटिंग विषम परिस्थितियों में जीवन जीने की कला सिखाती है। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि कई देश चंद्रमा पर जीवन ढूंढ रहे हैं।

## चारे- पानी की कमी गोशाला में तड़प रहे गोवंश

**बिल्सी, अमृत विचार** : बिल्सी क्षेत्र की ग्राम पंचायत रिसौली की गौशाला में गोवंश चारा पानी की कमी से बीमार हो रहे हैं। भूख के कारण एक गोवंश की मौत भी हो चुकी है जिसका शव गौशाला में दो दिन से पड़ा है। जिम्मेदारों की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। रिसौली की गौशाला में डेढ़ सौ से अधिक गोवंश हैं। जिन्हे चारा भूसा और पानी भी समय पर नहीं दिया जाता है। केयरटेकर द्वारा ठीक से देखभाल नहीं करने से गोवंश भूख के चलते बीमार हो रहे हैं। कई गोवंश दम तोड़ने की कगार पर हैं जबकि एक गोवंश की दो दिन पूर्व भूख से मौत हो चुकी है जिसका शव गौशाला में ही पड़ा है। गोशाला की हालत खराब है।

# नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म में सात साल का कारावास

- कक्षा 11 की छात्रा को लखनऊ के होटल ले जाकर घटना को दिया था अंजाम
- जुर्माने की धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति रूप में देने का आदेश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार** : नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ जबरन दुष्कर्म के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नीरज कुमार गर्ग ने दोषी पाते हुए सात साल के कठोर कारावास समेत 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति रूप में देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी की 15 साल की बेटी कक्षा 11 की छात्रा है। 17 जुलाई 2017 की सुबह 8 बजे स्कूल पढ़ने के लिए बदायूं शहर आई थी। स्कूल दोपहर 12 बजे बंद होता है। उनकी पत्नी बेटी को लेने स्कूल गईं, पर बेटी स्कूल से बाहर नहीं निकली। पता चला कि उनकी बेटी को आसिफ नाम का युवक उठाकर ले गया है। वादी ने पुलिस को बताया कि आसिफ ने लगभग 15 से 20 दिन पहले रिवॉल्वर दिखाकर उनकी बेटी को धमकाया था कि उससे प्यार नहीं करेगी तो अपहरण कर लिया जाएगा। इस समय बेइज्जती और बदनामी के घर से बेटी ने नहीं बताया और न कहीं शिकायत की। उन्होंने आसिफ के परिजनों से शिकायत की कि अपने लड़के को समझाये, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर आसिफ के माता-पिता का कहना था कि वे कार्रवाई के लिए स्वतंत्र हैं।

पुलिस ने पीड़ित छात्रा को बरामद कर लिया। पीड़िता ने बताया कि आसिफ, उसके पिता शरीफ व भाई आमिर बेटी को जबरन बरेली ले गए थे, जहां उनके हाथ में तेजाब की बोतल थी। वह पीड़िता को बरेली से लखनऊ ले गए और वहां चार दिन तक एक होटल में रखा। चारों दिन आसिफ ने होटल के कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया। न्यायालय में शहर के होली चौक निवासी आसिफ पुत्र शफीक पर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र वर्मा और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी आसिफ को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# सरकार ने नियम बदले, बिना आधार व बर्थ सर्टिफिकेट के ही स्कूलों में प्रवेश लेंगे बच्चे

## अभिभावकों की घोषणा ही पूरी तरह मान्य, नौनिहालों को स्कूल भेजने में नहीं होगी कोई परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● परिषदीय स्कूलों में गिरती बच्चों की संख्या को देखकर लिया गया है यह निर्णय

● स्कूल चलो अभियान पर मिलकर फोकस करेंगे बेसिक शिक्षा विभाग व प्रशासप

**अमृत विचार:** अब परिषदीय स्कूल समेत निजी स्कूल आधार और जन्म प्रमाण के अभाव में बच्चों का प्रवेश लेने से मना नहीं कर सकेंगे। प्रवेश के दौरान अभिभावकों की ओर से दी जाने वाली जानकारी के आधार पर मान्य की जाएगी। दस्तावेजों के अभाव में स्कूलों में प्रवेश के दौरान अभिभावकों के सामने आ रही दिक्कतों और सरकारी स्कूलों में गिरती बच्चों की संख्या को देखते हुए शासन ने नियमों में बदलाव किया है। शासन स्तर से हुए बदलाव से अभिभावकों को काफी राहत मिलेगी।

मुख्य सचिव के मिले आदेश के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और बीईओ को अवगत कराया है। साथ ही नए शैक्षिक सत्र के दौरान अधिक से अधिक संख्या में बच्चों का प्रवेश करने के निर्देश दिए हैं। शासन की ओर से पूर्व में जारी-निर्देशों के अनुसार बिना आधार परिषदीय और निजी स्कूलों में बच्चों का प्रवेश नहीं लिया जा रहा था। इस नियम के चलते अभिभावकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसमें सबसे अधिक परेशानी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को हो रही थी। किसी तरह बच्चों का आधार कार्ड तो किसी प्रकार बन जाता था, लेकिन घर पर जन्म लेने वाले बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने और स्कूल में जमा करना अभिभावकों के लिए बड़ी चुनौती थी। इसकी वजह से परिषदीय सहित निजी स्कूलों में बच्चों का दाखिला ही नहीं लिया जा रहा था। इससे बड़ी संख्या में बच्चों का पंजीकरण करवाने में परेशानी हो रही थी। शासन ने इस पर ठोस कदम उठाते हुए अभिभावकों को बड़ी राहत दी है। अब परिषदीय और निजी स्कूलों में एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र में जन्म प्रमाण पत्र और आधार पहचान संबंधी दस्तावेजों के अभाव में कोई बच्चा वंचित नहीं रह पाएगा। स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया में बदलाव करते हुए मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से जारी किए गए निर्देशों के बाद बीएसए ने सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और खंड शिक्षा अधिकारियों को अवगत कराया है।

### पूर्व में बच्चों की वास्तविक पहचान को लेकर लागू किया था दस्तावेजों का नियम

परिषदीय और निजी स्कूलों में बच्चों की वास्तविक जानकारी, सही डाटा और दो जगहों पर होने वाले नामांकन की प्रक्रिया पर रोक लगाने के लिए बच्चों के प्रवेश के दौरान आधार के साथ ही जन्म प्रमाण पत्र भी अभिलेख के रूप में जमा कराया जाता था। पर सरकारी हो या फिर निजी स्कूल दोनों जगह नियम के प्रभावी होने के कारण अभिभावकों को बच्चों का दाखिला कराने में परेशानी होती थी। इस नियम का सबसे अधिक प्रभाव परिषदीय स्कूलों पर पड़ा, जिससे बच्चों की संख्या में गिरावट आने लगी। इस कमी को पूरा करने के लिए शासन स्तर से नियमों में बदलाव किया गया है।

### एक अप्रैल से शुरू हो रहा नया शैक्षिक सत्र

जिले के परिषदीय सहित माध्यमिक स्कूलों में एक अप्रैल से स्कूल चलो अभियान शुरू किया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए ब्लॉक स्तर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। यह अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। पहला चरण 1 से 15 अप्रैल और दूसरा चरण 1 से 15 जुलाई तक चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत अधिक संख्या में बच्चों का स्कूलों में नामांकन कराया जाना है।

> कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों के नियमों में बदलाव हुआ है। बिना आधार और जन्म प्रमाण पत्र वाले बच्चों का भी प्रवेश लिया जाएगा, जिसके निर्देश जारी कर दिए गए हैं।
>
> **वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

# कांग्रेस नेताओं ने अमर शहीदों को किया नमन



शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते ओंकार सिंह ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्राइवेट बस स्टैंड स्थित पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह के कैम्प कार्यालय पर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेटर ओमकार सिंह व जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह राठौर के संयुक्त नेतृत्व में शहीदी दिवस पर शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को याद करते हुए उन्हें नमन किया। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में निवर्तमान प्रदेश सचिव जितेंद्र कश्यप, जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह राठौर, विधि विभाग अध्यक्ष सूरजपाल सोलंकी ने कहा इंकलाब की ज्योति प्रज्वलित करने वाले अमर बलिदानी भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का त्याग भारत के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। वीर सपूतों ने आजादी के लिए हंसते-हंसते कुर्बानी दे दी थी।

सभी वक्ताओं ने बलिदान दिवस पर वीर हुतात्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रदेश सेवादल यंग बिग्रेड प्रदेश उपाध्यक्ष शफी अहमद, संगठन के जिला महासचिव इखलास हुसैन, मुनेंद्र कन्नौजिया, रंजीत, साहिल, जमाल, सुमेर, श्याम सिंह, दिनेश पाल आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर टावर पर चढ़ा युवक

**बिसौली, अमृत विचार :** बिसौली के वार्ड नंबर 5 के पूर्व सभासद विजय बाबू कोली इसी टॉवर पर एक जमीनी विवाद में समाधान न होने के चलते 15 सितम्बर 2025 को भी चढ़ गए थे, दरअसल वजीरगंज अंगथरा रोड पर कुछ बीघा जमीन विजय ने करीब चार वर्ष पूर्व खरीदी थी जिसमें कुछ अंश बंटवारे को लेकर इनका विवाद वजीरगंज के पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह से हो गया। विजय इसके समाधान के लिए दर-दर भटकते रहे। लेकिन हल नहीं हो सका। तहसील प्रशासन और लाखन सिंह से आबिज़ आकर आत्मघाती कदम उठाते हुए वह इसी टॉवर परर चढ़ गए। प्रशासन द्वारा मामले का निस्तारण करने का आश्वासन दिया उसके बाद वह टावर से नीचे उतरे।

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करेंगी वाटर वुमन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने जापान के टोक्यो में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आईएफोर (एशियन कॉन्फ्रेंस ऑन एजुकेशन एंड इंटरनेशनल डेवलपमेंट) में प्रतिभाग किया। 7 दिन चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में लगभग 70 देश के शिक्षाविद, शोधकर्ता, नीति निर्माता शामिल हो रहे हैं। उनके द्वारा 26 मार्च को सम्मेलन को संबोधित किया जाएगा।

सेमिनार में लिंगनान यूनिवर्सिटी ऑफ इंडोनेशिया, यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा एशिया कैंपस समेत अमेरिका और यूरोप समेत पूरे विश्व के अग्रणी संस्थान शामिल हो रहे हैं। वाटर वूमेन आधुनिक शिक्षा नीति और सामाजिक विकास से जुड़े अपने विचार साझा करेंगी।




वाटर वुमन शिप्रा।

इससे पहले भी 13000 किमी पदयात्रा कर जल, नदी एवं महिला सशक्तिकरण के लिए लंदन की संसद में विचार रख चुकी हैं। उनकी संस्था पंचतत्व का कार्य जल संरक्षण के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र तक पहुंच चुका है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

# एक ही रात में छह नलकूप व एक मंदिर में हुई चोरी

**आसफपुर , अमृत विचार :** चोरों ने रविवार को एक ही रात में 6 नलकूप के अलावा आसफपुर-शाहबाद मार्ग पर स्थित मंदिर से घंटे और तांबे के बर्तन चोरी कर लिए। प्रतुल राठौर के मंदिर में चोरी की घटना हुई। इसके अलावा गांव के विजय, रामपाल, राजबहादुर और हरिशंकर के नलकूपों से केबल और स्टार्टर चोरी कर लिए गए। वहीं रवेंद्र यादव और जसवंत के नलकूपों से पाइप भी उखाड़ ले गए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 50 हजार रुपये के आसपास है। एक ही रात में चोरियों से ग्रामीणों में आक्रोश और भय है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त न के बराबर है, जिसके चलते चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सख्त निगरानी की मांग की है।

# स्कूल में शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि




शहीदों को नमन करते शिक्षक ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** फ्यूचर लीडर्स स्कूल में सोमवार को शहीद दिवस के अवसर पर देश के अमर स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

विद्यालय के डायरेक्टर वी.पी. सिंह ने कहा कि महान क्रांतिकारियों का बलिदान हमें सदैव राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता रहेगा। एमडी राहुल सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की भावना विकसित करना है। प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह, एकेडमिक हेड सी.के. शर्मा, परमिंद्र सिंह, केशव शर्मा, राखी गुप्ता आदि लोग प्रमुख से कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# भगवा सेना की वजीरगंज कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

**वजीरगंज, अमृत विचार:** सोमवार को कस्बे की भगवा सेना कार्यकारिणी विस्तार किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रहे संरक्षक सुशील मौर्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता के द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार किया।

मंगला देवी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भगवा सेना जिलाध्यक्ष ने कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राजू शर्मा को नगर अध्यक्ष नामित किया है। इनके साथ

हरिओम शर्मा ब्लॉक प्रभारी, टीटू ठाकुर, सुमित सिंह, मोहित शर्मा, गोविन्द गुप्ता को नगर उपाध्यक्ष, अभिषेक पंडित, अनुज ठाकुर को नगर महामंत्री, अजय शर्मा, अमित ठाकुर, प्रदीप गोले, निशांत शर्मा को नगर मंत्री नामित किया है। नगर कोषाध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा और आलोक शर्मा को बनाया गया है।

# फिर बिगड़ा मौसम का मिजाज, छाए घने बादल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



खेत में गेहूं की फसल काटता किसान परिवार ● अमृत विचार

● किसानों ने अधपका गेहूं की शुरू की कटाई

● बारिश की आशंका के चलते किसानों की बढ़ी धड़कन

**अमृत विचार :** मौसम का मिजाज एक बार फिर बिगड़ने लगा है। इससे किसानों की धड़कनें तेज हो गई हैं। संभावित बारिश और आंधी को लेकर किसानों ने अधपके गेहूं की कटाई शुरू कर दी है। किसानों को डर है कि तेज बारिश हो गई तो पूरा अनाज खेत में ही रह जाएगा। अब किसान गेहूं और सरसों की कटाई कर घर तक पहुंचाने में जुटे नजर आ रहे हैं।

20 मार्च को तेज आंधी-बारिश के चलते किसानों को भारी नुकसान हुआ। खेतों में गेहूं गिर गया। दो दिन तक मौसम खराब रहा। बारिश भी हुई। कहीं-कहीं ओलावृष्टि हुई। इससे किसानों के माथे पर फसल को लेकर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। शनिवार और रविवार को कुछ मौसम साफ हुआ। धूप खिली तो लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन सोमवार सुबह चार बजे से आकाश में काले बादल छा गए। सुबह दस बजे तक हलकी बूंदाबांदी रही। दोपहर 12 बजे तक कुछ तेज बूंदे गिरीं। इसके बाद लोगों की धड़कन और बढ़ गईं। हर रोज बिगड़ते मौसम को देखकर किसानों ने घबराकर अधपके गेहूं काटने शुरू कर दिए। ब्लॉक जगत के ग्राम सूरजपुर निवासी रामवीर ने सोमवार को सुबह से अपने परिवार के साथ गेहूं काटने शुरू कर दिए। किसान का कहना है कि इस साल हर दिन मौसम बिगड़ रहा है। अगर तेज बारिश हो गई तो छह महीने की मेहनत खेत में ही सड़ जाएगी इसलिए अधपके गेहूं काटने शुरू कर दिए हैं। कुछ अन्य किसानों ने भी गेहूं की कटाई शुरू कर दी है। किसानों ने कहा कि अब धूप निकलने की उम्मीद नहीं है। बारिश हो सकती है। ऐसे में गेहूं को भारी नुकसान होगा, इसलिए जिन खेतों में गेहूं पकने के कगार पर है, उसकी कटाई शुरू कर दी गई है। किसानों ने बताया कि अभी कुछ खेतों में गेहूं हरा है जिसमें दाना भी नहीं बना है। अगर वह गेहूं बारिश और आंधी में गिर गया तो उसमें कुछ भी नहीं होगा।

खेतों में कच्चा खड़ा गेहूं घर तक आने में अभी एक महीने का समय और लेगा। लेकिन मौसम के बदलते तेवर किसानों की धड़कने बढ़ा रहे हैं।

### सरसों-आलू निकालने में जुटे तमाम किसान

बारिश की आशंका के चलते सरसों की कटाई भी तेज हो गई है। सरसों को बारिश से अधिक नुकसान है इसलिए अब और इंतजार करना उचित नहीं है। किसानों को आशंका है कि बारिश कभी भी हो सकती है। इसी तरह कुछ किसानों ने आलू भी अभी नहीं खोदा है, पर अब तीन दिन से रोज बिगड़ रहे मौसम को देखते हुए किसानों ने ट्रैक्टर से आलू की खुदाई शुरू कर दी है।

## बदायूं डायरी

### जागरूकता से बढ़ा आत्मविश्वास, सुरक्षा के प्रति किया प्रेरित



**बिल्सी , अमृत विचार :** महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त और जागरूक बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरासौल स्थित खेड़ा देवी मंदिर तथा नगर के देववाणी मंदिर परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम का संचालन केंद्र प्रभारी रचना देशवाल के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता और उनके अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम ने साइबर अपराध, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और उत्पीड़न से बचाव के उपाय विस्तार से बताए। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में जागरूक किया गया। केंद्र प्रभारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में घबराने के बजाय जागरूकता और आत्मविश्वास के साथ कदम उठाना जरूरी है। महिला कांस्टेबल सोनिया और प्रियांशी तोमर ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कांस्टेबल राघवेन्द्र, विपिन कुमार सहित पुलिस टीम मौजूद रही।




### गोष्ठी में किसानों को दी जैविक खेती की जानकारी

**उसावां , अमृत विचार :** नमामि गंगे जैविक के तहत कृषक गोष्ठी व जैविक किसान मेले का आयोजन विकासखंड परिसर में ब्लाक प्रमुख दातागंज अतेन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में कार्यदायी संस्था बायोसर्ट इंटरनेशनल ने किया। जिला परियोजना समन्वयक ने रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया व सहायक विकास अधिकारी कृषि उसावा द्वारा जैविक विधि से दीमक व फफूंद नाशक रोगों के रोकथाम के बारे में बताया गया। नमामि गंगे के जिला प्रभारी लवकुश मिश्रा द्वारा जैविक विधि से फसल में पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गयी। डा आरएस सिंह द्वारा जैविक फसल में रोग व कीट नियंत्रण के बारे में बताया गया।



### मिशन शक्ति की चौपाल में महिलाओं को निडर बनाने की पहल

**ओरछी, अमृत विचार :** ''मिशन शक्ति'' अभियान के तहत थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा का अहसास कराने के लिए सोमवार को ग्राम कोरेरा और सुरेनी पापड़ी में न केवल जागरूकता की अलख जगाई, बल्कि तकनीक का सहारा लेकर सुरक्षा व्यवस्था को भी अभेद्य बनाया गया। टीम ने ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के उपाय बताए। प्रभारी एसआई सुशील कुमार विशनोई ने कहा कि पुलिस हर कदम पर उनके साथ है। महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा 'तीसरी आंख' की निगरानी में रहेगी। कांस्टेबल राहुल सिंह, कांस्टेबल विनीत सिंह और महिला कांस्टेबल अंजली शर्मा इस मौके पर मौजूद रहीं।

### शशिकांत शर्मा बने रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष, अंकित मंत्री



**बदायूं, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी कल्याण संघ का वार्षिक चुनाव सोमवार को संपन्न हुआ। चुनाव रविंद्र पांडे क्षेत्रीय मंत्री, राम कुमार उपाध्याय चुनाव अधिकारी क्षेत्रीय अध्यक्ष की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें शशिकांत शर्मा को बदायूं शाखा का अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। इनके साथ अंकित दिवाकर को निर्विरोध शाखा मंत्री चुने गए। पुष्पेंद्र कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कुमारी मन भाया उपाध्यक्ष, विमल मौर्य वरिष्ठ संयुक्त मंत्री, कुलदीप अग्निहोत्री संयुक्त मंत्री, राजेश मौर्य संगठन मंत्री, सत्यपाल कोषाध्यक्ष, विपिन कुमार सिंह प्रचार मंत्री, यदुनाथ कार्यालय मंत्री चुने गए। इनके अलावा नित्य, नेहा, सविता कुमारी, सुनीता वर्मा, दीप्ति दीक्षित, भोले शंकर, कृष्ण मुरारी, मुन्ना बाबू शर्मा, भूपेश शंखधर एवं सुधीर कुमार को कार्यकारिणी का सदस्य नामित किया गया।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
(उ.प्र. सरकार, आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं एनसीआईएम, नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त)
पता : सेक्टर-7, राम गंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कॉर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज।
बस्ति चिकित्सा | जलौकावचारण चिकित्सा | जानु बस्ति चिकित्सा | नस्य चिकित्सा | पत्र पिण्ड पोट्टली स्वेद चिकित्सा | शिरोधारा चिकित्सा | नेत्र तर्पण चिकित्सा
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग:- नार्मल डिलीवरी, रसौली, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ, इन्फर्टीलिटी आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज।
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :- बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए स्वर्णप्राशन संस्कार, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा सेरेब्रल पेल्सी, मेन्टल रिटार्डेशन, डिले माइलस्टोन आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज।
शालाक्य तंत्र विभाग :- सिरदर्द, माइग्रेन, तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्में का नम्बर कम करना। नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज।
Reception : 9520876144
Helpline No.: 8077808309
निःशुल्क योग सत्र
(ऑफलाइन /ऑनलाइन) केवल रजिस्ट्रेशन करने पर मो. 9520876144
निःशुल्क भर्ती सुविधा
(निर्धारित समय अवधि के लिए)

